सार्क सदस्य देशों की नेपाल में बैठक जल्द

अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध

दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) के आठ सदस्य देशों के वरिष्ठ अधिकारियों की इस सप्ताह काठमांडू में मुलाकात होगी। ये देश प्रोग्रामिंग सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

- अधिकारियों ने रविवार को बताया कि पिछले साल नवंबर में इस्लामाबाद में 19वे दक्षेस सम्मेलन के स्थगित होने के बाद यह दक्षेस सदस्य देशों की पहली बैठक है।
- नेपाल के विदेश मंत्राल के अधिकारियों से बताया कि इस बैठक के दौरान दक्षेस सदस्य देश दक्षेस सचिवालय का बजट, दक्षेस के पांच क्षेत्रीय केंद्रों सहित कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे।
- दक्षेस का मौजूदा अध्यक्ष देश नेपाल है और नेपाल ने ही पिछले साल नौ और 10 नवंबर को भारत, अफगानिस्तान, भूटान और बांग्लादेश के दक्षेस सम्मेलन के बहिष्कार के फैसले के बाद इसे अगली जानकारी तक स्थगित करने का फैसला किया था।
- गौरतलब है कि भारत और अन्य तीन देशों ने पाकिस्तान पर सीमा पार आतंकवाद से निपटने में सहयोग नहीं करने का जिम्मेदार ठहराया था।

रोजर फेडरर ने ऑस्ट्रेलियन ओपन ख़िताब जीता

खेल

विश्व के प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 29 जनवरी 2017 को राफेल नडाल को हराते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन ख़िताब जीता. यह रोजर फेडरर का 18वां ग्रैंड स्लैम ख़िताब है.

- स्विट्जरलैंड के टेनिस खिलाड़ी 35 वर्षीय रोजर फेडरर ने पांच वर्ष बाद यह ख़िताब जीता. उन्होंने 14 बार ग्रैंड स्लैम ख़िताब जीतने वाले राफेल नडाल को हराकर यह ख़िताब अपने नाम किया.
- रोजर फेडरर ने 3 घंटे 38 मिनट एवं पांच सेट तक चले इस मैच में नडाल को 6-4, 3-6, 6-1, 3-6, 6-4 से मात दी. इससे पहले फेडरर और नडाल के बीच अब तक कुल 34 मुकाबले खेले जा चुके हैं, जिसमें नडाल भारी पड़े थे. इन मुकाबलों में अब तक नडाल ने 23 जबकि फेडरर ने 11 मैचों में जीत दर्ज की.

- रोजर फेडरर का जन्म 8 अगस्त 1981 को हुआ वे एक स्विस टेनिस खिलाड़ी हैं.
- उन्होंने अब तक 18 ग्रैंड स्लैम ख़िताब जीते हैं जो विश्व में सबसे अधिक हैं.
- फेडरर ने 4 टेनिस मास्टर्स कप खिताब, 16 एटीपी मास्टर्स श्रृंखलाएं तथा एक ओलम्पिक युगल स्वर्ण पदक भी जीते हैं.

राष्ट्रीय खबर

दिल्ली का इंदरा गाँधी हवाई अड्डा बना सबसे व्यस्त हवाई अड्डा

दिल्ली हवाई अड्डे ने पिछले साल करीब 56 लाख यात्रियों को संभाला है जिस वजह से ये सिंगापुर न्यूयार्क में जॉन एफ कैनेडी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे और बैंकॉक जैसे व्यस्त अड्डे की श्रेणी में शामिल हो गया है।

- इन सभी हवाई अड्डों में ट्रैफिक 50 लाख यात्री प्रतिवर्ष गुजरते हैं।
- दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए, इस साल यात्रियों में 21 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है।
- घरेलू यात्रियों, विदेशी पर्यटकों के आगमन और पारगमन से इस अड्डे पर लोगों की संख्या और भी ज्यादा बढ़ी है।
- इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, भारत की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए प्राथमिक नागरिक उड्डयन हब के रूप में कार्य करता है।
- इंदिरा गांधी, भारत के एक पूर्व प्रधानमंत्री के नाम पर, यह 2009 के बाद से सबसे व्यस्त यातायात वाला हवाई अड्डा है।
- 2015 से ही मुंबई हवाई हद्दे के बाद दिल्ली का हवाई अड्डा सबसे व्यस्त हवाई अड्डा बन गया है।

खेल

सैयद मोदी बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिंधू और समीर बने चैंपियन

ओलंपिक रजत पदक विजेता भारतीय शटलर पीवी सिंधू और राष्ट्रीय चैंपियन समीर वर्मा ने रविवार को यहां सैयद मोदी ग्रां प्रि गोल्ड बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्रमश: महिला और पुरुष सिंगल्स के खिताब जीतकर नए सत्र का शानदार आगाज किया।

- भारत ने इस टूर्नामेंट में पांच में से तीन खिताबों पर कब्जा जमाया।
- पिछले सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने

वाली शीर्ष वरीय सिंधू ने फाइनल में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का को 30 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 21-14 से शिकस्त दी, जबकि हांगकांग सुपर सीरीज के फाइनल में पहुंचने वाले समीर ने हमवतन बी साई प्रणीत को 44 मिनट तक चले खिताबी मुकाबले में 21-19, 21-16 से मात दी।

- ब्राजील और रूस में ग्रां प्रि खिताब जीतने वाली दूसरी वरीय एन सिक्की रेड्डी और प्रणव जेरी चोपड़ा की भारतीय जोड़ी ने मिक्स्ड डबल्स में अश्विनी पोनप्पा और बी सुमित रेड्डी की हमवतन जोड़ी को 22-20, 21-10 से हराकर पहली बार ग्रां प्रि गोल्ड खिताब पर कब्जा जमाया।

गांगेय डॉल्फिनों के लिए सरकार व्यापक गणना कराएगी

सरकार संकटग्रस्त गांगेय डॉल्फिन, घड़ियाल और कछुओं की पहली बार व्यापक गणना कराएगी, ताकि उनके आधिकारिक आंकड़ें मिल सके।

- देहरादून आधारित भारतीय वन्यजीव संस्थान के जरिए फरवरी या मार्च के अंत तक यह कार्य करेगा। यह केंद्रीय पर्यावरण एवं मंत्रालय के तहत स्वायत्त संस्थान है।
- एनएमसीजी के सलाहकार संदीप बेहरा ने पीटीआई को बताया, यह पहला मौका है जब गांगेय डॉल्फिन का एक उपयुक्त व्यापक और वैग्यानिक अध्ययन समूची गंगा नदी प्रणाली मंे किया जा रहा है।
- केंद्र के महत्वाकांक्षी नमामी गंगे कार्यक्रम के तहत एनएमसीजी के द्वारा यह अध्ययन होगा। यह इसलिए अहम है कि मीठे पानी में रहने वाले इस जंतु की आबादी नदी जल की गुणवत्ता को जाहिर करता है। इसकी आबादी जितनी अधिक होगी, जल की गुणवत्ता उतनी ही बेहतर होगी।
- भारतीय वन्यजीव संस्थान के वैग्यानिक अध्ययन में राज्यों और एनजीओ के साथ समन्वय करेंगे। पहले की गई कोशिशों के उलट यह गणना तेजी से नहीं की जाएगी और यह एक महीने की अवधि में होगी।
- उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में पड़ने वाले गंगा के हिस्से में 2015 में तीन दिन तक गणना कराई थी। यह तेजी से किया गया एक सर्वेक्षण था। इसमें ज्यादा विशेषग्य नहीं थे। इस सर्वेक्षण में 1300 डॉल्फिन होने का सुझाव दिया गया था।

एरिज़ोना में ज़मीन में 3 किलोमीटर से ज्यादा लंबी दरार बानी

एरिजोना की बंजर भूमि में 3.2 किलोमीटर लंबी दरार संभवतः कृषि गतिविधियों के लिए भूजल में कमी के कारण हो गया है , ऐसा कहना है वैज्ञानिकों का जो ये कह दरार और लंबी हो सकती है।

- एरिजोना भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के अमेरिकी ड्रोन ने सर्वेक्षण के दौरान इस विशाल विदर बंजर भूमि में पड़े दरार का पता लगाया।
- दरार इतना बड़ा है कि यह वीडियो में भी बहुत देर तक चलता रहता है।
- दक्षिणी भाग में कुछ स्थानों में गहरी दरार है लेकिन उत्तरी भाग में दरार आंशिक रूप से भरा हुआ है। इस बात का पता सर्वेक्षण के दौरान भूविज्ञानीयों को लगा।
- कुक ने पहली बार दिसंबर 2014 में गूगल अर्थ इमेजरी में इस दरार को देखा। जीपीएस का उपयोग कर मानचित्रण के बाद, शोधकर्ताओं ने एक ड्रोन का उपयोग कर इसका अच्छे से पता लगाया।

पर्यावरण

हार्वर्ड के वैज्ञानिकों ने पहली बार हाइड्रोजन से ठोस धातु बनाया



डायमंड के दो टुकड़े के बीच दबाव के बाद, हाइड्रोजन एक धातु में बदल गया और ये धातु ठीक वैसा ही है जैसा बृहस्पति ग्रह के भीतर पाया जाता है।

- अगर कुछ सैद्धांतिक भविष्यवाणियां सच हो जाएँ तो दबाव हटाने के बाद भी ये घाटी ठोस रूप में मौजूद रहेगा और एक सुपरकंडक्टर की तरह काम करेगा जिसमे करंट भी दौड़ सकेगा।
- इस विज्ञान पर संपादकों ने कागज पर चर्चा करने के लिए मना कर दिया, लेकिन एक बयान में, जेरेमी बर्ग, मुख्य संपादक ने कहा कि प्रस्तुतियाँ विशेषज्ञों द्वारा कठोर समीक्षा से गुजरेगी और इस समीक्षा में केवल 7 प्रतिशत ही प्रकाशित हुए हैं।
- हाइड्रोजन तत्वों सबसे हल्का तत्व है इसमें केवल एक प्रोटॉन और एक इलेक्ट्रॉन होते हैं।

पृथ्वी की सतह, पर साधारण परिस्थितियों में प्रति वर्ग इंच 14.7 पाउंड प्रेशर में, हाइड्रोजन परमाणुओं के अणु आपस में जुड़ जाते हैं।

विज्ञान एवं खोंज

मिस यूनिवर्स 2016 बनी फ्रांस की इरिस मितेनाएरे

65वीं मिस यूनिवर्स 2016 की प्रतियोगिता में दुनिया भर की 85 खूबसूरत हसीनाओं को पीछे छोड़ते हुए फ्रांस की इरिस मितेनाएरे ने ये खिताब जीत लिया है।

- पूर्व मिस यूनिवर्स फिलीपींस की पिया अलोंजो ने उन्हें ये ताज पहनाया। 63 साल बाद फ्रांस की सुंदरी के नाम ये खिताब हुआ है।
- मितेनाएरे डेंटिस्ट्री की स्टूडेंट हैं और उन्हे खाना पकाना बहुत पंसद है।मिस यूनिनर्स की पहली रनरअप मिस हैती और दूसरी रनर अप मिस कोलबिंया रही।
- भारत का प्रतिनिधित्व कर रही रोशमिता हरिमूर्ति टॉप 13 में भी जगह नहीं बना पाई।
- इस बार की मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता भारत के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण थी।
- भारत की तीन सुंदरियां अलग-अलग तरीकों से इस प्रतियोगिता का प्रतिनिधित्व किया। जहां भारत की प्रतिनिधित्व रोशमिता हरिमूर्ति किया तो सुष्मिता सेन इस शो को जज रहीं। वहीं भारतीय मूल की सिख गर्ल किरन जस्साल मलेशिया को प्रजेंट किया।

पुरष्कार

आज के दिन



30 जनुअरी 1948 में नाथूराम गोडसे नामक एक हिन्दू राष्ट्रवादी ने देश के बापू महात्मा गाँधी की गोली मारकर हत्या कर दी थी | भारत और पाकिस्तान के विभाजन के पश्चात पंजाब और बंगाल में सांप्रदायिक हिंसा का आरम्भ हो गया | गाँधीजी ने नयी दिल्ली में भारत की स्वाधीनता का जश्न छोड़कर साम्प्रदायिक दंगों से प्रभावित क्षेत्रों में जाकर हिंसा कम करने की कोशिश की | इसके पश्चात आने वाले महीनो में उन्होंने कई उपवास रखें, जिनका एक मात्र विषय था साम्प्रदायिक सौहार्द्र का बढ़ावा देना | सबसे अंतिम उनका उपवास था 12 जनुअरी 1948 में, जिसका एक और उद्येश्य था – भारत को पाकिस्तान के कुछ नकदी संपत्ति का भुगतान करना जो बकाया था | कई भारतियों ने गलती से इसे सही नज़रिए से नहीं देखा| नाथूराम गोडसे उनमे से एक थे |

आज के दिन